केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(संसद अधिनियम द्वारा स्थापित)
जयपुर परिसर, जयपुर (राज.)

दिनांक 10.03.2021

शैक्षणिक सत्र 2020–21 सत्रार्द्ध ऑनलाइन परीक्षा के संबंध में सूचना/दिशा–निर्देश

शास्त्री प्रथम, तृतीय व पंचम सत्रार्द्ध/आचार्य प्रथम व तृतीय सत्रार्द्ध एवं शिक्षाचार्य प्रथम व तृतीय सत्रार्द्ध के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मुख्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार सत्रार्द्ध परीक्षाएँ दिनांक 15.03.2021 से 08.04.2021 तक ओपन बुक माध्यम से आयोजित की जायेगी, एतदर्थ निम्नानुसार सूचनाओं का परिपालन आवश्यक है।

1. सर्वप्रथम केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर की वेबसाइट www.rsksjaipur.ac.in पर GOOGLE FORM भरना अनिवार्य है|
2. GOOGLE FORM की लिंक 13/03/2021 दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इस अवधि में ही छात्र को form भरकर submit करना अनिवार्य है|
3. GOOGLE FORM पर प्रत्येक कक्षा के पृथक-पृथक **WhatsApp** समूह के लिंक उपलब्ध हैं। परीक्षार्थी को केवल अपनी कक्षा के ही **WhatsApp** समूह को जॉइन करना है तथा परीक्षा संबंधी निर्देश **WhatsApp** समूह द्वारा प्राप्त होंगे।
4. प्रश्नपत्र छात्रों के व्यक्तिगत ई-मेल/**WhatsApp** समूह पर ही भेजा जायेगा। जो ईमेल या **WhatsApp** नम्बर परीक्षार्थी ने GOOGLE FORM पर पञ्जीकृत

किया है। परीक्षार्थी को उत्तरपुस्तिका जमा करने हेतु examcsujpr@gmail.com पर अथवा प्रतिदिन दिये गये लिंक पर प्रेषित करना होगा।

5. परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार निर्धारित प्रश्न-पत्र उसी दिन समय सारिणी में निर्धारित समय से 15 मिनिट पूर्व सभी के व्यक्तिगत ई-मेल पर भेजा जायेगा|

6. PDF के नाम लेखन का प्रारूप इस प्रकार होगा-

   Roll No. / Subject Code / Paper No.

   अनुक्रमांक / विषय कूटाङ्क / पत्र सं.

   उदाहरण: 14114 / 474 / 04

7. परीक्षा लेखन हेतु नीले बालपेन का प्रयोग करना आवश्यक है।

8. उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर परीक्षानुक्रमांक शब्दों एवं अंकों में नाम, कक्षा, प्रश्न पत्र का नाम, प्रश्नपत्र की संख्या, प्रश्नपत्र का कोड, सत्र, दिनांक, वार, हस्ताक्षर आदि प्रविष्टियाँ स्पष्ट रूप से लिखें।

9. जयपुर परिसर द्वारा निर्धारित उत्तर पुस्तिका के प्रारूप में लिखना अनिवार्य है। निर्धारित उत्तर पुस्तिका का प्रश्नपत्रों की संख्या के अनुसार एक बार में परीक्षा से पूर्व प्रिंट लेकर रखें तथा प्रतिदिन उत्तर पुस्तिका में लिखकर scan कर PDF के रूप में निर्धारित अवधि में examcsujpr@gmail.com पर अथवा प्रतिदिन दिये गये लिंक पर प्रेषित करना अनिवार्य है अन्यथा छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगे।

10. उत्तरपुस्तिका परीक्षा समाप्ति के 1 घंटे के अन्दर अनिवार्य रूप से एक पी.डी.एफ. फाइल बनाकर ईमेल के द्वारा भेजें। नेटवर्क आदि की समस्या

होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके पश्चात् प्राप्त मेल पर विचार नहीं किया जायेगा।

11. परीक्षा केन्द्र जयपुर परिसर के समिपस्थ परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका की मूल प्रति परीक्षा समाप्ति के एक घण्टे के अन्दर परीक्षा केन्द्र पर व्यक्तिशः उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

12. परीक्षा हेतु समय सारणी एवं समय निर्धारित है।

13. छात्र परीक्षा हेतु प्रिन्ट आउट, पी.डी.एफ. निर्माण, ईमेल आदि का भली–भाँति अभ्यास कर लें। साथ ही उक्त कार्य हेतु न्यूनतम 2 जी.बी. डेटा प्रतिदिन की व्यवस्था करें। साथ ही साथ परीक्षा समय में नेटवर्क में रहें।

14. किसी भी प्रकार की समस्या होने पर छात्र अधोलिखित सदस्यों से सम्पर्क कर सकते है।

क्र.सं.	नाम	सत्र	मोबाईल नं.
1.	प्रो. श्रीधर मिश्र	सायं	9214664411
2.	प्रो. रामकुमार शर्मा	प्रातः	9462864307
3.	डॉ. नमिता मित्तल	प्रातः/सायं	9413444921 7976417991

(प्रो. अर्कनाथ चौधरी)
निदेशक